# भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल

## भर्ती अनुभाग

## मानव संसाधन प्रबंध विभाग

## विज्ञापन सं. 02 / 2012-13

## भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल में सुरक्षा प्रहरी की भर्ती

(यह विज्ञापन और आवेदन का प्रारुप भा.रि.बैं. के वेबसाईट www.rbi.org.in पर भी देखा जा सकता है)

भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल – 462 011 श्रेणी IV संवर्ग में भारतीय नागरिकों (केवल भूतपूर्व सैनिक) से, सुरक्षा प्रहरी (अस्थायी) के पद हेतु प्रतीक्षा सूची में सूचीबद्ध करने के लिए जो नीचे विनिर्दिष्ट आयु, अर्हता, आरक्षण (जहाँ लागू हो) आदि से संबंधित पात्रता मानदंड को पूरा करते हों, आवेदन आमंत्रित करता है। पदों की संख्या और पात्रता मानदंड निम्नानुसार हैं:

| पद | भर्ती क्षेत्र | रिक्त पदों की अनुमानित संख्या | | | | शैक्षिक अर्हता | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुरक्षा प्रहरी | मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ क्षेत्र | 07 | | | | | |
| | | सामान्य संवर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | न्यूनतम | अधिकतम |
| | | 06 | - | 01 | - | 10वीं पास | स्नातक स्तर से कम* |

*** यद्यपि मैट्रिक पास भूतपूर्व सैनिक जो 15 वर्षों तक रक्षा सेवा में सेवारत रहे हों, उन्हें 'स्नातक' माना जाएगा, वे भी आवेदन के लिए पात्र हैं।**

**1. आयु (01.04.2013 को) :**

पद के लिए 01.04.2013 को न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा क्रमश: 18 एवं 25 वर्ष है, अर्थात वे उम्मीदवार जिनका जन्म 01.04.1988 को या उससे पहले और 01.04.1995 के बाद हुआ हो, आवेदन के पात्र नहीं हैं। तथापि, **45 वर्षों की अधिकतम आयु सीमा के अधीन** निम्नलिखित श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी :-

i. अजजा उम्मीदवारों को 5 वर्ष, बशर्ते, यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, वे साक्षात्कार के समय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारुप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

ii. भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को सशस्त्र सेना में उनके द्वारा की गई विस्तारित सेवा अवधि के अतिरिक्त 3 वर्ष की छूट।

iii. 01.01.1980 और 31.12.1989 के बीच जम्मू-कश्मीर से विस्थापित व्यक्तियों को 5 वर्ष की छूट, बशर्ते, संबंधित जिला मजिस्ट्रेट अथवा जम्मू और कश्मीर सरकार द्वारा मनोनीत किसी प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।

iv. बैंकिग संस्थानों/ सरकारी कार्यालयों के उन भूतपूर्व कर्मचारियों को 6 वर्ष की छूट, जो कम से कम एक वर्ष की सेवा के बाद छँटनी किए गए हों और रोजगार कार्यालय के माध्यम से आवेदन कर रहे हैं, बशर्ते वे संबंधित संस्था द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें।

**45 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा आरक्षित श्रेणियों सहित सभी श्रेणियों पर समान रूप से लागू है।**

2. **पात्रता :** चयन उचित सैन्य पृष्ठभूमि और सेना में शस्त्रास्त्र और गोला बारूद प्रयोग में लाने के अनुभव के साथ भूतपूर्व सैनिक तक ही सीमित है।

***"भूतपूर्व सैनिक का अर्थ है ऐसा व्यक्ति जिसने भारतीय संघ की नियमित थलसेना, जलसेना और वायुसेना में किसी भी रैंक (चाहे युद्धक रहा हो या गैर युद्धक) में सेवा की हो; लेकिन इसमें वे व्यक्ति शामिल नहीं किए जाते जिन्होंने डिफेन्स सिक्यूरिटी कोर, सामान्य रिज़र्व इंजीनियरिंग फोर्स, लोक सहायक सेना और अर्द्धसैनिक बलों में सेवा की हो और जो ऐसी सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद इनसे अपनी पेंशन ले रहे हों; या जो सैन्य सेवा की वजह से या अपने नियंत्रण से परे की स्थितियों के कारण मेडिकल आधारों पर सेवा से कार्यमुक्त किए गए हों; या जो स्थापना में मितव्ययिता के कारण कटौती के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से अपनी ओर से अनुरोध के अलावा कार्यमुक्त किए गए हों; या जो अपनी ओर से अनुरोध के अलावा नियोजन की निर्धारित अवधि पूरी करने के बाद ऐसी सेवा से कार्यमुक्त किए गए हों; या जो बर्खास्तगी या कदाचार या अदक्षता के कारण डिस्चार्ज किए गए हों और ग्रेच्युटी पा चुके हों और इनमें निम्नलिखित वर्गों की प्रादेशिक आर्मी के कार्मिक भी शामिल हैं – अर्थात***

- ***) लगातार सैनिक सेवा के लिए पेंशन धारक;***
- ***) सैनिक सेवा के दौरान शारीरिक रूप से अक्षम होने वाले व्यक्ति, और***
- ***) शौर्य पुरस्कार विजेता***

3. **पद संबंधी अपेक्षाएँ/ कार्य का विवरण:** चयनित उम्मीदवारों को भोपाल कार्यालय/ बैंक के क्वार्टर्स में बैंक की संपत्ति (आवासीय/ कार्यालय) की सुरक्षा तथा अन्य देख-रेख एवं निगरानी कार्यों को करना होगा। चयनित सुरक्षा गार्डों को शिफ्टों में काम करना होगा।

4. **वेतनमान तथा परिलब्धियां:** रु. 6350-220-7230-260-8010-300-8910-400-9710-500-11710-680-13750 (20 वर्ष) के वेतनमान में आरंभिक वेतन रु. 6350 + समय-समय पर स्वीकार्य भत्ते। विज्ञापन जारी किए जाने के समय प्रारंभिक वेतनमान पर कुल परिलब्धियां लगभग रुपए 15,138/- प्रतिमाह होंगी।

5. **चयन प्रक्रिया:** पात्र उम्मीदवारों का चयन निर्धारित शर्तों के अधीन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। उपयुक्त पाए गए उम्मीदवारों को रिक्तियों और आरक्षण संबंधी आवश्यकताओं के अधीन तैयार की जाने वाली प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा। पात्रता मानदण्ड पूरा करने मात्र से ही कोई उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने हेतु पात्र नहीं है। **साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को रिक्तियों की संख्या के अनुपात में सीमित करने के लिए न्यूनतम पात्रता मानदण्ड आदि को बढ़ाने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा।**

6. **आवेदन कैसे करें:**

i. उम्मीदवारों को इस विज्ञापन के साथ प्रकाशित आवेदन पत्र के निर्धारित फार्मेट में ही आवेदन करना चाहिए। अन्य किसी भी फार्मेट में किए गए आवेदन पत्रों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

ii. इस विज्ञापन के साथ प्रकाशित आवेदन पत्र के प्रारूप को ही आवेदन पत्र के रूप में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। आवेदन के लिए ए-4 साइज (29.7 से.मी.×21 से.मी.) के कागज का उपयोग होना चाहिए। आवेदन प्रमुखतः अंग्रेजी (बड़े अक्षरों में) या हिंदी में टाइप किया हुआ अथवा साफ अक्षरों में हाथ से लिखा होना चाहिए ।

iii. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाने चाहिए:

- आयु और शैक्षिक अर्हताओं से सबंधित प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियाँ।
- आवेदन पत्र के दाहिने ऊपरी सिरे पर स्वहस्ताक्षरित अद्यतन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (3 से.मी. × 2.5 से.मी.) चिपकाया जाना चाहिए।
- यदि उम्मीदवार अजा/अजजा/अपिव से संबंधित है तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी संबंधित प्रमाण की सत्यापित प्रति।
- सशस्त्र सेना द्वारा जारी सेवामुक्ति प्रमाण पत्र/ सेवा पुस्तिका की सत्यापित प्रतियाँ।

iv. आवेदन पत्र के लिफाफे पर "**सुरक्षा गार्ड पद हेतु आवेदन**" लिखा जाना चाहिए।

v. एक लिफाफे में केवल एक उम्मीदवार का ही आवेदन होना चाहिए।

vi. आवेदन **साधारण डाक** द्वारा या शनिवार, रविवार और अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्यदिवस को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 03.30 बजे के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक के भोपाल कार्यालय के स्वागत कक्ष में रखी पेटिका में भी जमा किए जा सकते हैं। आवेदन **क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, मानव संसाधन प्रबंध विभाग, होशंगाबाद रोड, भोपाल मध्यप्रदेश – 462 011** पते पर भेजा जाना चाहिए।

7. **अपात्रता :**

i) शारीरिक रूप से विकलांग/ दुर्बल श्रवण क्षमता या दृष्टि विकलांग भूतपूर्व सैनिक पात्र नहीं होंगे।

ii) उक्त पद के लिए आवेदन करने के पूर्व उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे निर्दिष्ट तारीख को विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदण्डों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं। किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन, सबंधित दस्तावेजों/ प्रमाणपत्रों रहित आवेदन तथा/ अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन निरस्त कर दिए जाएँगे। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। बैंक के पास भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन/ उम्मीदवारी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

8. **नई पेंशन योजना:** बैंक में 01 जनवरी 2012 को या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों पर "**नई पेंशन योजना**" के परिभाषित अंशदान लागू होंगे।

9. **अंतिम तारीख:** सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र उपर्युक्त पते पर बैंक के कार्यालय में 08 मई 2013 तक अवश्य पहुँच जाने चाहिए।

10. **चेतावनी:**

i. अपात्र / साक्षात्कार हेतु अनुपयुक्त पाए गए उम्मीदवारों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

ii. किसी भी प्रकार की पैरवी (केन्वासिंग) उम्मीदवार की अयोग्यता माना जाएगा। किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी हेतु समर्थन प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार की ओर से किए गए अनुचित साधनों जैसे जाली दस्तावेज प्रस्तुत करना, असत्य/ झूठे विवरण देना, तथ्यपरक सूचना को दबाना, अपनी उम्मीदवारी के संबंध में अवैध या अनुचित साधनों का सहारा लेना आदि का प्रयास भी अयोग्यता का कारण होगी। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति अनुचित साधनों का सहारा लेकर चयन के संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता करने का दावा करता है तो निम्नलिखित में से किसी के पास उसकी शिकायत दर्ज की जा सकती है :

ए) **शिकायत निवारण कक्ष, मानव संसाधन प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल – 462011**

**बी) केंद्रीय सतर्कता आयोग, सतर्कता भवन, ब्लाक "ए" जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स, आई.एन.ए., नई दिल्ली -110 023**

भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल में श्रेणी IV में सुरक्षा प्रहरी की भर्ती के लिए आवेदन

(विज्ञापन सं. 02 / 2012-13 दिनांक 13.04.2013)

हाल ही का स्वत : सत्यापित 3 सेंमी x 2.5 सेंमी आकार का फोटो चिपकाएं

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. आवेदक का पूरा नाम: | | | | | | | | |
| 2. पिता का नाम: | | | | | | | | |
| 3. संपर्क के लिए पूरा पता (जिला एवं पिन कोड के साथ): | | | | | | | | |
| 4. जन्म तिथि (विद्यालय छोडने संबंधी प्रमाण पत्र में दर्ज किये गये अनुसार: | डीडी (दिनांक) | | एमएम (माह) | | वायवायवायवाय (वर्ष) | | | |
| | | | | | | | | |
| 5. 01.04.2013 को आयु : | डीडी (दिनांक) | | एमएम (माह) | | वायवायवायवाय (वर्ष) | | | |
| | | | | | | | | |

6. शैक्षिक अर्हताएं:

| **परीक्षा उत्तीर्ण** | **विषय** | **उत्तीर्ण करने का वर्ष** | **विश्वविद्यालय / बोर्ड** | **अंकों का प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. शैक्षणिक संस्था का नाम तथा स्थान / राज्य जहाँ अंतिम पढाई हुई है: | | | | |
| 8. संवर्ग (लागू बॉक्स पर टिक करें): | | | | |
| | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | सामान्य |

9. सशस्त्र सेना में सेवा करने का ब्यौरा :

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ) सेना का नाम | | | | | | | | |
| ) भर्ती की तारीख | डीडी (दिनांक) | | एमएम माह)) | | वायवायवायवाय (वर्ष) | | | |
| | | | | | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| □) सेवामुक्त होने की तारीख | डीडी (दिनांक) | एमएम माह)) | वायवायवायवाय (वर्ष) |
| | | | |
| □) सेवा काल | __________वर्ष __________माह | | |

10. सशस्त्र सेना से सेवामुक्त होने के पश्चात अनुभव, यदि कोई हो :

| संस्था / संस्थाओं के नाम जहां काम किया | से | तक | अवधि (वर्षों की संख्या) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

| | |
|---|---|
| 11. खेलकूद / अन्य पाठ्यक्रमेतर गतिविधियों में निपुणता, यदि कोई हो तोः | |
| 12. कितनी / कौनसी भाषा जानते हैंः | |
| 13. संपर्क नंबर : | आवास:______________________________ <br> मोबाईल:________________________________ |

**घोषणा**: मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा आवेदन में दी गयी जानकारी सत्य,पूर्ण तथा सही है।मैं जानता हूं कि यदि कोई भी जानकारी अपूर्ण/असत्य,गलत,भ्रामक अथवा बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा न करती हो तो नियुक्ति से पूर्व मेरी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त कर दी जाएगी।यदि नियुक्ति हुई तो मेरी नियुक्ति बिना किसी नोटिस के अथवा बिना किसी क्षतिपूर्ति के बदले समाप्त कर दी जाएगी। मैं यह भी जानता हूं कि विज्ञापन में विनिर्दिष्ट पात्रता मानदंड / शर्तों के अधीन मेरी उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा।

स्थान :
तारीख:
अनु :

आवेदक के हस्ताक्षर

नोट : आवेदन फॉर्म में दी गयी समर्थित दस्तावेज़ों की सूची के अनुसार प्रमाणित प्रतियां संलग्न की जाएं।